TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 02 जून

1. **तेलंगाना राज्य का गठन–** 2 जून, 2014 ई. को आंध्र प्रदेश से विभाजित होकर तेलंगाना भारत का 29वाँ राज्य बना। तेलंगाना शब्द का अर्थ है– 'तेलुगू भाषियों की भूमि।' तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद है। राज्य के गठन के समय आंध्रप्रदेश के 23 जिलों में से 10 जिले तेलंगाना में शामिल किया गया था। वर्तमान में तेलंगाना में कुल 31 जिले हैं। तेलंगाना के 76 प्रतिशत लोग तेलुगू भाषी हैं।
   - **संदर्भः वर्ग 8, इतिहास, 'अतीत से वर्तमान भाग–3' अध्याय 13, के उपखंड राज्यों के पुर्नगठन से जोड़कर चर्चा करें।**

2. **राजकपूर का स्मृति दिवस–** भारत में अपने समय के सबसे बड़े 'शोमैन' रणबीर राज कपूर का 2 जून, 1988 ई. को 63 वर्ष की उम्र में नई दिल्ली में निधन हो गया था। वे एक अभिनेता, फिल्म निर्माता, निर्देशक और राजकपूर फिल्म इंडस्ट्री के संस्थापक भी थे। 'भारतीय सिनेमा के चार्ली चैपलिन' राज कपूर ने फिल्म इंडस्ट्री के लगभग सभी पुरस्कार जीता है। 1947 में 'नीलकमल', 1948 में 'आग', 1949 में 'बरसात', 1951 में 'आवारा' जैसी सुपरहिट फिल्मों के बाद कई दिल को छू लेने वाले फिल्मों जैसे– श्री 420, बूट पॉलीस, चोरी–चोरी, जिस देश में गंगा बहती है, परवरिश, संगम, मेरा नाम जोकर, सत्यम शिवम् सुन्दरम, राम तेरी गंगा मैली आदि का निर्माण, निर्देशन और अभिनय किया। कला के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा राज कपूर को सन् 1971 में पद्म भूषण और सन् 1987 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया। बच्चों को राजकपूर की कुछ बेहतरीन फिल्में जैसे– 'जिस देश में गंगा बहती है,' आदि दिखायें।

3. **डोला बनर्जी का जन्म–** तीरंदाज महिला खिलाड़ी डोला बनर्जी का जन्म 2 जून, 1980ई. को कोलकाता में हुआ था। वे नवम्बर 2007 में दुबई में आयोजित तीरंदाजी विश्व कप में महिला एकल रिकर्व प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत विश्व चैम्पियन बन कर मशहूर हुई थीं। सन् 2005 में भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने वाली डोला बनर्जी दूसरी महिला आर्चर हैं।

4. **मणिरत्नम का जन्म–** भारत के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता–निर्देशक मणिरत्नम का जन्म 2 जून, 1956 ई. को मदुरै, तमिलनाडु में हुआ। उनका वास्तविक नाम गोपाल रत्नम सुब्रह्मण्यम है। मणिरत्नम ने छह राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, चार फिल्मफेयर पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके हैं। उन्हें भारत सरकार द्वारा वर्ष 2002 में 'पद्म श्री' पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। हिन्दी फिल्मों में 'दिल से', 'गुरू', 'रावण' आदि जैसे फिल्मों को निर्देशित किया है।

Sunday

/teachersofbihar

*Madhu priya*

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष

2 जून

मधु प्रिया


## तेलंगाना राज्य का गठन 2 जून



क्षेत्रफल के लिहाज से भी तेलंगाना भारत का 12वां बड़ा राज्य है। इंग्लैड के बाराबर यह राज्य करीब 114, 840 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यह बिहार से एक स्थान ऊपर और तमिलमाडु से एक स्थान नीचे है। विधान सभा में 119 सीट जबकि विधान परिषद में 40 सीटें हैं। तेलंगाना भारत का एक राज्य है। 2 जून 2014 को तेलंगाना भारत का 29वां राज्य बना। यह क्षेत्रफल के हिसाब से 11वां सबसे बड़ा और जनसंख्या के हिसाब से 12वां सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है।तेलंगाना का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 1, 12, 077 वर्ग किमी है। राजधानी और सबसे बड़ा शहर हैदराबाद है।यह एक खनिज समृद्ध राज्य है, जिसके पास सिंगरेनी कोलियरी में कोयला भंडार है।शास्त्रीय संगीत, चित्रकला और लोक कला में राज्य की परंपरा रही है। तेलंगाना में 33 जिले हैं, जिनमें से प्रत्येक का मुखिया जिला कलक्टर है। राज्य की राजभाषा है तेलुगु और अतिरिक्त आधिकारिक भाषा उर्दू है। गांवों, इलाकों में बुर्रा कथा प्रसिद्ध है।

# जन्मदिन विशेष 02 जून

राकेश कुमार




**नन्दन नीलेकणी** *Nandan Nilekani*, जन्म- 2 जून, 1955, बेंगळूरू, कर्णाटक) भारतीय उपक्रमी, नौकरशाह, नेता और प्रसिद्ध सॉफ़्टवेयर कम्पनी 'इन्फ़ोसिस' के सह-संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। इन्फ़ोसिस में एक शानदार कॅरियर के बाद उन्होंने भारत सरकार द्वारा गठित एक तकनीकी समिति की अध्यक्षता की, इसके बाद वे भारत सरकार के हर नागरिक को एक विशिष्ट पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर प्रदान करने के लिए 'भारतीय विशिष्ट पहचानपत्र प्राधिकरण' (यूआईडीएआई) के अध्यक्ष बनाए गए।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 02.06.2024

## धरोहर

धरोहर उसको कहते हैं जो हमें पूर्वजों से मिला है। धरोहर वह है जो किसी विशेष स्थान, क्षेत्र. धर्म अथवा देश के लिए बहुत विशिष्ट और खास होती है तो दूसरी ओर किसी परिवार, समुदाय अथवा लोगों के लिए अलग होती है। यह प्राकृतिक और व्यक्ति द्वारा निर्मित हो सकती है अथवा इतिहास के विकास के साथ विकसित हो सकती है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar





**रविचंद्रन अश्विन** ने अपने टेस्ट करियर में **बाबर आजम** और **मोहम्मद रिजवान** को भी पीछे छोड़ा हुआ है। दरअसल, अश्विन ने **एशिया** के बाहर आयोजित टेस्ट मैचों में **बाबर** और **रिजवान** के कुल शतक से भी ज्यादा **शतक** लगाया है।

राकेश कुमार

## खेल तथ्य

# सबसे ज्यादा देशों में खेले जाने वाले स्पोर्ट्स



हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता,
निर्माता एवं निर्देशक

# राज कपूर

की पुण्यतिथि पर सादर नमन।

जन्म- 14 दिसम्बर 1924-मृत्यु- 2 जून 1988



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

जन्म-2 जून 1980

## भारतीय महिला आर्चरी खिलाड़ी

# डोला बनर्जी

के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।



www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस

**2 जून**



**तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।।**



Madhu priya

02 जून 2024


Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दया मनुष्य का स्वाभाविक गुण है।

**प्रेमचंद**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org